तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026

स्वास्थ्य कार्यों में लापरवाही पर अधिकारी-कर्मचारियों ... 12


धान खरीदी में गड़बड़ी के खिलाफ निकुम में 20 को ... 12




## खबर संक्षेप

### जिपं में सामान्य सभा की बैठक 22 को

**बालोद।** जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक 22 जुलाई को सुबह 11 बजे से कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बैठक में सर्व संबंधितो को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

### आईटीआई में रिक्त सीटों के लिए 24 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन शुरू

**बालोद।** राज्य के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन 24 जुलाई आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए अभ्यर्थी निकटतम शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से अथवा वेबसाइट पर प्रदर्शित हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा समय–सीमा के पूर्व आवेदक अपने आवेदन पत्र में किसी भी तरह की त्रुटि एवं संस्था, व्यवसाय प्राथमिकता क्रम में सुधार कर सकते हैं।

### आवास प्लस 2.0 सर्वे पूरा: त्रुटि सुधार और दावा-आपत्ति के लिए 7 अगस्त तक

**बालोद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण का कार्य जिले में सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम जनरेटेड प्रतीक्षा सूची का जिले के सभी ग्रामों में आयोजित ग्राम सभाओं में सार्वजनिक वाचन एवं 12 मापदंडों के आधार पर सत्यापन किया गया है। वर्तमान में उक्त सूची को पात्र, अपात्र श्रेणी के साथ ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। योजना की मार्गदर्शिका के अनुसार, यदि किसी परिवार को त्रुटिवश सूची से हटाया गया है या वरीयता क्रम में कोई विसंगति है, तो वे निर्धारित तिथि 07 अगस्त तक दावा–आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इस तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त आपत्तियों का निराकरण जिला स्तरीय अपीलीय समिति द्वारा किया जाएगा, जिनका निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। अपीलीय समिति की अनुशंसा के बाद सूची में किसी भी प्रकार का बदलाव संभव नहीं होगा।

### 30 पौवा देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** उतई पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 पौवा देशी मसाला शेरा शराब जब्त की है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 3 हजार रुपये बताई गई है।

### सौगात : पीएम मोदी ने किया वर्चुअल लोकार्पण

# विकसित और बदलते भारत का प्रतीक बना बालोद स्टेशन : भोजराज नाग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत पंजाब राज्य के जालंधर छावनी से जिला मुख्यालय बालोद सहित पूरे देश के विभिन्न 75 पुर्नविकसित रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के सरोना, चांपा और बालोद सहित 03 पुर्नविकसित रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण किया गया।

रेलवे स्टेशन परिसर बालोद में आयोजित पुर्नविकसित रेलवे स्टेशन के लोकार्पण समारोह के अवसर पर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चैधरी, नगर पालिका परिषद बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, पवन साहू, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेन्द्र शाह टेकाम, राकेश यादव छोटू, प्रेम साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बालोद को मिली 6 करोड़ के आधुनिक रेलवे स्टेशन और ओवरब्रिज की सौगात





### बालोद स्टेशन पर अब यात्रियों को मिलेंगी ये आधुनिक सुविधाएं

इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के 32 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जिसमें शामिल बालोद रेलवे स्टेशन का लगभग 06 करोड़ रुपये की लागत से व्यापक आधुनिकीकरण किया गया है। बालोद स्टेशन पर आधुनिक स्टेशन भवन, विस्तृत सर्कुलेटिंग एरिया, नया प्रवेश क्षेत्र, सुव्यवस्थित प्रवेश एवं निकास द्वार, आधुनिक फुट ओवर ब्रिज, 04 नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली, समर्पित पार्किंग क्षेत्र, ऊर्जा दक्ष एलईडी प्रकाश व्यवस्था तथा छत्तीसगढ़ की लोककला एवं सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाले आकर्षक भित्ति चित्र विकसित किए गए हैं।

### भिलाई स्टील प्लांट और औद्योगिक इतिहास से जुड़ा है नाता


बालोद रेलवे स्टेशन का इतिहास भारत के औद्योगिक उत्थान और भिलाई स्टील प्लांट की स्थापना से जुड़ा हुआ है वर्ष 1955 में जब सोवियत संघ के सहयोग से भिलाई स्टील प्लांट की आधारशिला रखी गई तब कारखाने के लिए दल्लीराजहरा की खदानों से लौह अयस्क की निर्बाध आपूर्ति के लिए दल्लीराजहरा-भिलाई रेल लाइन का निर्माण किया गया। इसी महत्वपूर्ण औद्योगिक रूट के बीच में बालोद रेलवे स्टेशन महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित हुआ जो आज भी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक परिवहन की एक प्रमुख कड़ी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे स्टेशन केवल यात्री सुविधाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें स्थानीय संस्कृति, पर्यटन, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में भी विकसित किया जा रहा है।

### शहरवासियों को जल्द मिलेगी पाररास रेलवे ओवरब्रिज की सुविधा

सांसद भोजराज नाग ने कहा कि अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश भर के 75 पुर्नविकसित रेलवे स्टेशनों में हमारा बालोद रेलवे स्टेशन भी शामिल है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे संपूर्ण बालोद जिले व अंचल वासियों के लिए बहुत बड़ी सौगात है। जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दृढ़ इच्छा शक्ति एवं दुरगामी सोच के फलस्वरूप रेलवे का विद्युतीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि आज बालोद सहित संपूर्ण देश भर के पुर्नविकसित रेलवे स्टेशन विकसित एवं बदलते हुए भारत का प्रतीक बन गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने बालोद वासियों को पाररास रेलवे ओवर ब्रिज की सौगात मिलने की जानकारी देते हुए कहा कि शीघ्र ही इनका निर्माण कार्य प्रारंभ होने वाला है। इसके पश्चात एक वर्ष की अवधि में शहर वासियों को इस रेलवे ओवर ब्रिज का सौगात भी मिल जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चैधरी ने आज पूरे देश के विभिन्न 75 रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ बालोद रेलवे स्टेशन को भी सर्व सुविधायुक्त भव्य एवं बेहतरीन स्वरूप में पुर्नविकसित रेलवे स्टेशन की सौगात मिलने पर भूरी-भूरी सराहना की। समारोह में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए रायपुर रेल मंडल के अपर ▶▶| शेष पेज 10 पर

# मोखा सहकारी समिति में 700 बोरा धान गायब 440 क्विंटल की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ब्लॉक अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोखा में धान खरीदी में फर्जी रूप से खरीदी करने की शिकायत सामने आई है। वर्तमान में समिति में कुल 700 नग कट्टा कम मिला है। वहीं खरीदी में कुल 440 क्विंटल धान का अतिरिक्त शार्टेज बताया जा रहा है।

■ किसान के नाम पर फर्जी खरीदी का भी भंडाफोड़

जानकारी के अनुसार विकासखण्ड गुरूर अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोखा में धान खरीदी के दौरान खरीदे गए धान के बोरे में से 700 बोरा धान कट्टा कम मिला है। समिति इसके लिए ठेकेदार पर आरोप मढ़ रही है, जबकि ठेकेदार इसके लिए समिति को उत्तरदायी बता रहा है। बताते हैं कि मामला धान खरीदी प्रारंभ होने के पहले से ही विवादों में था। समिति प्रबंधक व कर्मचारी हड़ताल में थे और शासन ने धान खरीदी प्रारंभ कर दी। आरोप है कि समिति के प्राधिकृत अधिकारी ने अपने परिचित को तौलाई सिलाई व अन्य कार्य का ठेका दे दिया।

समिति सूत्रों के अनुसार समिति के प्रस्ताव अनुसार ठेकेदार को खरीदी पूर्ण होने के बाद खरीदे गए कुल बोरो को मिलान कर समिति को सौंपना था, लेकिन आरोप है कि बिना मिलान के ही ठेकेदार ने धान के शेश स्टॉक को सौंप दिया गया, अब जब सभी धान का उठाव हो गया तब कुल बोरों में से 700 बोरा कम मिला। इधर समिति में धान खरीदी के दौरान धान का शार्टेज पृथक से आ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 440 क्विंटल की शार्टेज है। समिति में फर्जी तरीके से धान खरीदी की शिकायत भी सामने आई है ग्राम धानापुरी निवासी मनीराम सिन्हा ने लिखित शिकायत में बताया कि मै धान नही लाया लेकिन मेरे खाते में 10 क्विंटल धान का विक्रय कर दिया गया एवं मुझसे उस धान की राशि मांगी गई है।

### 440 क्विंटल शार्टेज की भरपाई कर दी गई

प्राधिकृत अधिकारी श्याम लाल सिन्हा ने कहा 700 कट्टा धान एवं 440 क्विंटल शार्टेज की भरपाई कर दी गई है। समिति प्रबंधक राधेलाल साहू ने कहा 700 बोरा कम होने के लिए ठेकेदार जिम्मेदार है। उसे बोरो का मिलान करके देना था उसने नहीं दिया। खरीदी के दौरान शार्टेज 440 क्विंटल निकला है, उसकी भरपाई की जाएगी।

### ठेकेदार बोला- 700 बोरा कम है तो मैं क्या करूं

ठेकेदार फागु राम सिन्हा ने कहा 700 बोरा कम है तो मैं क्या करू। समिति जाने। मेरा काम तौलना व सिलाई कर स्टेक लगाना था।

# एसपी किरण ने विवेचकों को बांटे 83 स्मार्ट फोन ई-साक्ष्य ऐप से दर्ज होगा हर डिजिटल सबूत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने बालोद पुलिस को तकनीकी रूप से सशक्त किया, विवेचकों को 83 हाईटेक स्मार्ट मोबाइल फोन वितरित किया। ई–साक्ष्य ऐप के माध्यम से डिजिटल साक्ष्य संकलन को नया आयाम मिलेगा।

■ बालोद पुलिस हुई हाईटेक

वैज्ञानिक, समयबद्ध एवं साक्ष्य–आधारित विवेचना के लिए आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश। महिला एवं बाल सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण विवेचना, सुदृढ़ बीट व्यवस्था एवं यातायात सुधार



पुलिस अधीक्षक की प्राथमिकताओं में शामिल। अपराध अनुसंधान को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए उसे अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं न्यायालयीन मानकों के अनुरूप बनाने की दिशा में बालोद पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़, नया रायपुर के निर्देशानुसार नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने जिले के विवेचकों को 83 हाईटेक स्मार्ट मोबाइल फोन वितरित किए। स्मार्ट मोबाइल वितरण के दौरान पुलिस अधीक्षक चव्हाण ने कहा कि "समयबद्ध, निष्पक्ष एवं वैज्ञानिक विवेचना ही न्याय की मजबूत नींव है। जनता को त्वरित और प्रभावी न्याय दिलाना बालोद पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक विवेचक नवीन आपराधिक कानूनों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करें तथा तकनीक का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल साक्ष्य अपराध अनुसंधान का महत्वपूर्ण आधार बन ▶▶| शेष पेज 10 पर




### विधायक संगीता सिन्हा ने जारी किए सरकारी आंकड़े

# प्रदेश में साढ़े तीन साल में दुष्कर्म के 10,459 मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छत्तीसगढ़ में महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा के सरकारी दावों की पोल खुद सरकारी आंकड़ों ने ही खोल दी है। बीते साढ़े तीन सालों में प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ दुष्कर्म के 10459 मामले में व महिलाओं एवं नाबालिकों के अपहरण के 10055 मामले दर्ज हुए हैं।

उक्त आरोप लगाते हुए विधायक एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने बताया कि 2026 के साढ़े पांच माह में ही दुष्कर्म के 1550 मामले एवं नाबालिग व महिला अपहरण के 1746 मामले दर्ज हो चुके हैं। यह वे आंकड़े हैं जो थानों में दर्ज हुए हैं, लेकिन कई मामले लोक लाज के भय से थाने तक नहीं पहुंचते। संगीता सिन्हा ने कहा यह आंकड़े डरावने हैं। साल दर साल आंकड़े बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि महिला व बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामले में 2023 में



■ छत्तीसगढ़ में महिला सुरक्षा के दावों पर उठे सवाल

■ कहा – प्रत्येक जिले में महिला थाना खोले जाने दिया जोर

2743 मामले, 2024 में 3096 एवं 2025 3070 मामले कायम हुए। वहीं अपहरण के मामले में 2023 में 2308 मामले, 2024 में 2961 मामले एवं 2025 में 3040 मामले दर्ज हुए हैं। ऐसी घटनाओं में राजधानी रायपुर न्यायधानी बिलासपुर जिले की स्थिति भी चिंताजनक है। संगीता सिन्हा ने कहा लगातार महिलाओं एवं बच्चियों के खिलाफ बढ़ रहे मामले को देखते हुए प्रत्येक जिला में महिला थाना खोला जाना चाहिए। जहां सभी स्टॉफ महिला हो। संगीता सिन्हा ने सरकार से सवाल पूछा कि जब हर जिला में सायबर एवं अजाक थाना है तो महिला थाना खोलने में देरी क्यों। आकंड़े वे है जो थानो में दर्ज है। पुलिस तक पहुंचते हैं। सामाजिक लोक लाज के कारण जो मामले दब जाते हैं उन्हें रोकने के लिए जमीनी स्तर पर पुलिसिंग क्यों फेल है। उन्होंने यह भी कहा कि जब रायपुर एवं बिलासपुर जैसे जिलों में यदि साल दर साल अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है तो छोटे व सुदुर जिलों में सुरक्षा की क्या स्थिति होगी, समझी जा सकती है। संगीता सिन्हा ने कहा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए शासन तत्काल कड़े उपाय करे एवं पुलिसिंग को मजबूत करें। थाने में जिस प्रकार से वसूली की जाने की शिकायत आ रही है, उस पर तत्काल अंकुश लगाए एवं प्रदेश को भयमुक्त सुरक्षित माहौल दे, अन्यथा हमें मजबूरन उग्र आंदोलन कर समझाना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### अहिवारा में विकास के लिए 44.99 लाख मंजूर

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 6 विकास कार्यों के लिए कुल 44.98 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा होगी। धमधा के गोढ़ी में तीन डोमशेड निर्माण नव ज्योति सोसायटी भाटापारा के पास, मातर गौरा पंचायत से लगे मंच के पास तथा गांधी चौक राम मंदिर के पास स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रत्येक कार्य के लिए 4.99 लाख की स्वीकृत दी गई है। परसदा, पोटिया तथा अछोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु प्रत्येक कार्य के लिए 10-10 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### अनुज्ञप्ति व्यवसाय पर निगम की कार्रवाई



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह के निर्देश पर जोन 1 के वार्ड क्रमांक-17 स्थित आकाशगंगा मंडी क्षेत्र में सड़क बाधा एवं बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) व्यवसाय संचालित करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चलानी कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों के सामने सड़क पर सामग्री एवं वाहन खड़े कर आवागमन में बाधा उत्पन्न की जा रही थी। निगम की टीम ने संबंधित व्यापारियों को भविष्य में सड़क पर ट्रक एवं अन्य सामग्री खड़ी नहीं करने तथा यातायात बाधित न करने की समझाइश दी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सड़क बाधा शुल्क एवं बिना अनुज्ञप्ति व्यवसाय के मामले में कुल 1900 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान राधेलाल चौहान, मनोज सोनकर, राजा गुप्ता (सब्जी एजेंट), राजकुमार गुप्ता एवं फरबन आलम (कपड़ा ठेला) पर सड़क बाधा के लिए 100-100 रुपये, रामचन्द्र (प्याज विक्रेता) एवं कांडेवाला (प्याज विक्रेता) पर 200-200 रुपये तथा धनेश कुमार साहू की मोबाइल शॉप पर बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) व्यवसाय संचालित करने पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक सड़कों एवं मार्गों पर अतिक्रमण या बाधा उत्पन्न न करें तथा आवश्यक अनुज्ञप्ति प्राप्त कर ही व्यवसाय संचालित करें।

### डाक कांवड़ यात्रा कल

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 18 अगस्त सोमवार को डाक कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि सुबह 6 बजे महावीर उद्यान से शिवनाथ नदी के लिए रवाना होगे जहां से जल लेकर दौड़ते हुए गंज पारा, कचहरी चौक, महाराजा चौक से बोरसी फिर धनोरा मे गोल्डन चौक से मेन गली बाजार चौक होते हुए महावीर उद्यान पहुंचकर शिव जी मे जल चढ़ाएंगे। दोपहर से रुद्राभिषेक के बाद खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# एक स्कूटी पांच सवार, हुआ बड़ा हादसा हाईवे पेट्रोलिंग, थाने, सीसीटीवी किस काम के ?

## ऑक्सीजन सिलेंडर लदे खड़े ट्रैक्टर से टकराई स्कूटी, 4 की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई 3 से एक ही स्कूटी में सवार होकर दो महिला तीन बच्चे रायपुर के लिए निकलते है। लेकिन रायपुर पहुंचने से पहले कुम्हारी में उनकी तेज रफ्तार स्कूटी, खड़े ट्रक जा भिड़ती है। इसमें मौके पर ही दो महिला, दो बच्चों सहित चार की मौत हो जाती है। इस हादसे के पीछे ट्रैफिक नियमों का घोर उल्लंघन तो है, लेकिन सवाल इस उल्लंघन को रोकने वाली व्यवस्था पर भी है। आखिर दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी थाने, पुलिस चौकियों, ट्रैफिक सिग्लन्स, हाईवे पेट्रोलिंग, सीसी टीवी को धता बताकर कुम्हारी तक पहंचती कैसे हैं?

जानकारी के अनुसार भिलाई-3 निवासी अमृत निर्मलकर (28) स्कूटी से अपने परिजनों के साथ रायपुर के बसंत विहार स्थित मामा के घर जा रही थीं। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑक्सीजन सिलेंडर से लदे खड़े ट्रैक्टर सीजी 07 एनए 0930 के पीछे उनकी स्कूटी जा टकराई। हादसे में अमृत निर्मलकर (28) पति लोकेश, लक्ष्मी निर्मलकर (26) पति बबला, याचना (7) पिता लोकेश और डाली (4) पिता बबला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 8 वर्षीय भावेश पिता लोकेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया है। अमृत और लक्ष्मी दोनों सगी बहन हैं और मायका जामुल थाना अंतर्गत घासीदास नगर में है। अमृत का ससुराल सोमनी और लक्ष्मी का ससुराल धौराभाठा है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। चालक भोला यादव को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला मर्चुरी भेज दिया गया है। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### 5 लोग थे स्कूटी पर, नहीं पहना था हेलमेट

सड़क हादसे में पुलिस की प्रारंभिक जांच में कई पहलू सामने आए हैं। छावनी सीएसपी के अनुसार स्कूटी पर एक साथ पांच लोग सवार थे। किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था और स्कूटी तेज रफ्तार में चल रही थी। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑक्सीजन सिलेंडर से लदे खड़े ट्रैक्टर के पीछे स्कूटी सीधे जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो सगी बहनों और उनके दो मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चा घायल है।

### सड़क पर खड़े वाहन बन रहे हादसों का कारण

इस सड़क हादसे ने एक बार फिर नेशनल हाईवे की बड़ी लापरवाही को उजागर कर दिया है। हाईवे पर घंटों तक ट्रक, ट्रैक्टर और भारी वाहन खड़े रहते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिना सुरक्षा इंतजाम के सड़क पर वाहन खड़ा करना गंभीर खतरा पैदा करता है, लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर सड़क किनारे भारी वाहन खड़े दिखाई देते हैं। ऐसे वाहनों पर नियमित कार्रवाई नहीं हो रही। लोग हादसों के शिकार हो रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस को भी हाईवे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### ड्यूटी पर था पति, मिली पत्नी और बेटी की मौत की खबर

दर्दनाक सड़क हादसे के बाद लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मर्चुरी में मातम का माहौल देखने को मिला। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन अस्पताल पहुंच गए। अपनो को खोने के गम में परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। मौके पर छावनी सीएसपी समेत पुलिस बल भी तैनात रहा। मृतका अमृत निर्मलकर के पति लोकेश ने बताया कि वह सोमनी में रहते हैं। हादसे के समय वह ड्यूटी पर थे। उनकी पत्नी ने फोन कर बताया था कि वह बच्चों को लेकर रायपुर के बसंत विहार स्थित अपने मामा के घर जा रही हैं। कुछ ही देर बाद दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वह सीधे सुपेला अस्पताल पहुंचे, जहां पत्नी और बेटी की मौत की खबर मिली। उन्होंने बताया कि परिवार ने करीब एक माह पहले ही नई स्कूटी खरीदी थी। लोकेश ने बताया कि दूसरी मृतका लक्ष्मी निर्मलकर उनकी पत्नी की सगी बहन थीं। लक्ष्मी के पति बबला भिलाई-3 में लॉन्ड्री का काम करते हैं। इस हादसे में दोनों बहनों और उनके दो मासूम बच्चों की मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## बालोद के नए एसपी किरण गंगाराम चव्हाण की प्रेस वार्ता

# स्मार्ट पुलिसिंग के लिए एआई और आधुनिक तकनीक का होगा इस्तेमाल, नशाखोरों पर कसा जाएगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ परिचयात्मक बैठक एवं प्रेस वार्ता की। पुलिस एवं प्रिंट–इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मध्य बेहतर समन्वय, पारदर्शी संवाद एवं जनहित में सकारात्मक सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। जिले में कानून–व्यवस्था सुदृढ़ करने, नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई एवं अपराधों की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, एआईएवं आधुनिक तकनीकों के प्रशिक्षण से पुलिसिंग को और अधिक सक्षम एवं तकनीक–संपन्न बनाया जाएगा। जनता से बेहतर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण, मजबूत इंटेलिजेंस नेटवर्क तथा सुदृढ़ यातायात व्यवस्था पर विशेष फोकस रहेगा।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित मीटिंग हॉल में पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण द्वारा जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ परिचयात्मक बैठक एवं प्रेस वार्ता आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उनसे परिचय प्राप्त किया तथा पुलिस एवं मीडिया के बीच बेहतर समन्वय, पारदर्शी संवाद एवं जनहित से जुड़े विषयों पर निरंतर सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस एवं मीडिया लोकतंत्र के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। दोनों के बीच बेहतर समन्वय एवं सकारात्मक संवाद से आमजन तक सही, तथ्यपरक एवं समयबद्ध जानकारी पहुंचती है, जिससे समाज में विश्वास एवं पारदर्शिता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि बालोद पुलिस प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ नियमित संवाद बनाए रखते हुए जनहित, कानून–व्यवस्था, साइबर सुरक्षा, यातायात, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा पुलिस की सकारात्मक गतिविधियों की जानकारी समय पर साझा करेगी। उन्होंने कहा कि जिले में कानून–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पुलिस निष्पक्ष, संवेदनशील एवं जवाबदेह कार्यशैली के साथ कार्य करते हुए आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत करेगी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में अवैध नशे एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाया जाएगा। नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों, साइबर अपराधों, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर जागरूक किया जाएगा। उन्होंने अपराधों की रोकथाम एवं कानून–व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इंटेलिजेंस तंत्र को मजबूत एवं सक्रिय करने पर बल दिया। सूचना संकलन, तकनीकी विश्लेषण एवं प्रभावी निगरानी के माध्यम से अपराधों की रोकथाम तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले के सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे प्रत्येक पुलिस कार्रवाई एवं विवेचना नवीन कानूनों के अनुरूप, वैज्ञानिक, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध हो सके। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल तकनीक एवं आधुनिक पुलिसिंग की भूमिका लगातार बढ़ रही है। इसके दृष्टिगत जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एआई आधारित तकनीकों, साइबर अपराध अनुसंधान, डिजिटल साक्ष्य संकलन एवं आधुनिक तकनीकी संसाधनों का प्रशिक्षण देकर तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जाएगा, जिससे पुलिसिंग और अधिक स्मार्ट, प्रभावी एवं पारदर्शी बन सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता का विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है। प्रत्येक थाना एवं चौकी स्तर पर आम नागरिकों से नियमित संवाद स्थापित किया जाएगा तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। बीट प्रणाली एवं सामुदायिक पुलिसिंग को और अधिक मजबूत बनाते हुए प्रत्येक शिकायत पर त्वरित पुलिस रिस्पॉन्स सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने जिले में सुदृढ़ एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था विकसित करने पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन, दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुधारात्मक उपाय तथा जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक ने मीडिया प्रतिनिधियों से जनहित के विषयों पर सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस, मीडिया एवं आमजन के सामूहिक प्रयासों से बालोद जिले को सुरक्षित, शांतिपूर्ण, नशामुक्त एवं अपराधमुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किए जाएंगे।

## समय से पहले स्कूल बंद कर भागे शिक्षक, बीईओ ने थमाया नोटिस



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला खपरी हिरु में समय से पहले स्कूल बंद कर चले जाने का मामला सामने आया है। जिससे नाराज ग्रामीणों ने शासकीय स्कूलो में पढ़ाई का स्तर और दर्ज संख्या लगातार गिरने का प्रमुख कारण बताया। विकासखंड गुण्डरदेही क्षेत्र के भीतर मौजूद शिक्षा व्यवस्था में भयंकर लापरवाही देखने को मिल रही है। शिक्षको का स्कुल आने जाने का समय निर्धारित नही है जब चाहे स्कूल आते है और जब चाहे स्कूल बंद करके चले जाते है। इससे बच्चों की पढ़ाई चौपट हो रही है। इन शिक्षकों के कारण आज भी ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ाई का स्तर और दर्ज संख्या लगातार गिरता जा रहा है। शुक्रवार को शासकीय प्राथमिक शाला खपरी हिरु में 3:20 बजे स्कूल बंद कर शिक्षक चले गए। यहां पर पदस्थ तीन शिक्षक सरकारी आदेश का खुलेआम अवहेलना कर मनमर्जी चला रहे है। ऐसे शिक्षकों के कारण ही आज पढ़ाई का स्तर लगातार गिरता जा रहा जब चाहे स्कूल आते है और जब चाहे स्कूल बंद करके चले जाते है। ऐसे लापरवाह शिक्षकों के ऊपर विभाग तत्काल कार्रवाई करें। ग्राम खपरी हिरु के ग्रामीण दयाराम ढ़ीमर ने बताया कि यही हाल रोज का है। यहां के शिक्षकों का आने- जाने का समय निर्धारित नहीं है। बच्चों के पढ़ाई के साथ खिलवाड़ कर रहे। लोगों की माने तो सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षक शैक्षणिक कार्य के समय में स्कूल में नहीं बल्कि निजी कार्य करने मे लगे रहते है और तनखा दिनभर का लेते है। इनकी जांच होनी चाहिए। इधर ब्लाक शिक्षा अधिकरी श्रद्धा ठाकुर ने शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही और संतुष्ट जनक जवाब नहीं मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीणों ने दान और श्रमदान से बदली शिक्षा के मंदिर की सूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ सामुदायिक सहभागिता की अनूठी मिसाल बना भरदाखुर्द का प्राथमिक स्कूल






जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड से 7 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम भरदाखुर्द में प्राथमिक शाला, सामुदायिक सहभागिता की एक जीवंत मिशाल बनकर उभरी है। प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में शाला प्रबंधन समिति, जागरूक पालकों और ग्रामीणों की लगन से शाला प्रांगण एवं शिक्षण कक्षों का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है।

शिक्षा के प्रति बच्चों में विशेष रुचि जागृत करने के उद्देश्य से प्रधानपाठक और उनके स्टाफ ने पिछले शैक्षणिक सत्र 2023–24 में ही इसकी बुनियाद रखी थी। समुदाय के लोगों के साथ निरंतर संवाद, शाला की गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता और उनके बहुमूल्य आशीर्वाद से शिक्षक, पालक एवं बालकों के बीच आत्मीयता बढ़ी है। विद्यालय के सौंदर्यीकरण हेतु समुदाय से लगभग 50 हजार रुपये का स्वैच्छिक सहयोग प्राप्त हुआ। इस राशि का सदुपयोग कर शाला प्रांगण, शिक्षण कक्षों एवं परिसर में सभी विषयों से संबंधित 'प्रिंट–रिच' वातावरण का निर्माण किया गया है। विद्यालय की दीवारों पर उकेरी गई शैक्षणिक सामग्री को देखकर न केवल बच्चों के चेहरे खिल उठे हैं, बल्कि ग्रामीणजन भी अपने विद्यालय की सुंदरता देखकर हर्षित हैं।

ग्रामीणों की दानशीलता का परिचय इससे पूर्व भी देखने को मिला है। बारिश के मौसम में शाला प्रांगण में जलभराव और कीचड़ की समस्या को देखते हुए, ग्रामीणों के सहयोग से 25 हजार की राशि और श्रमदान के माध्यम से पूरे प्रांगण का फर्शीकरण कराया गया, जिससे अब बच्चे बिना किसी कठिनाई के विद्यालय में प्रवेश करते हैं। साथ ही, जनसहयोग से ही शिक्षा के इस मंदिर में माँ शारदे की स्थापना भी की गई है। अध्ययन कार्य में अब बच्चे हर्षोल्लास के साथ भाग ले रहे हैं। गुण्डरदेही विकासखंड का यह विद्यालय जनभागीदारी और सामुदायिक सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है।

## खरीफ विपणन मौसम 2026-27 के लिए केन्द्र सरकार द्वारा एमएसपी में की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ दलहनी एवं तिलहनी फसलों में भी हुई वृद्धि



खरीफ विपणन मौसम केएमएस 2026-27 के लिए अधिसूचित खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी में वृद्धि की गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य वह निर्धारित कीमत जिसमें सरकार किसानों से उनकी उपज खरीदने की गारंटी देती है। इसका उद्देश्य किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाना एवं बाजार में कीमतों में गिरावट से सुरक्षा प्रदान करना है। संयुक्त संचालक कृषि, दुर्ग संभाग गोपिका गवेल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा खरीफ की मुख्य फसल धान का एमएसपी बढ़ा कर 2441 रू. प्रति क्विंटल किया गया है, जबकि ए ग्रेड़ धान के लिये 2461 रू. प्रति क्विटल निर्धारित की गई है। दलहनी एवं तिलहनी फसलों के समर्थन मूल्य में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है, जिससे दलहन एंवं तिलहन उत्पादन बढ़ाने के साथ देश को दलहन एवं तेल उत्पादन में आत्मनिर्भता प्राप्त होगी।

## पेज 9 के शेष

### विकसित और बदलते भारत का ...

अलावा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर एवं रायपुर रेल मंडल के अपर मंडल प्रबंधक बजरंग लाल अग्रवाल सहित रेलवे एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे।

### शहरवासियों को जल्द ...

रेल प्रबंधक बजरंग लाल अग्रवाल ने अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना अंतर्गत पुर्नविकसित रेलवे स्टेशनों के लोकार्पण एवं भारतीय रेलवे के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। समारोह में स्कूली विद्यार्थियों ने सुमधुर एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी को भाव-विभोर कर दिया। समारोह में अतिथियों के द्वारा सर्व सुविधायुक्त एवं भव्य स्वरूप में पुर्नविकसित बालोद रेलवे स्टेशन का विधिवत लोकार्पण भी किया गया।

### एसपी किरण ने विवेचकों को ...

चुके हैं। ऐसे में जिले के सभी विवेचक ई–साक्ष्य ऐप का शत–प्रतिशत उपयोग करते हुए घटनास्थल का डिजिटल दस्तावेजीकरण, फोटो, वीडियो, लोकेशन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का सुरक्षित एवं विधिसम्मत संकलन करें, ताकि न्यायालयीन प्रक्रिया में साक्ष्यों की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता और अधिक सुदृढ़ हो सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वितरित हाईटेक स्मार्ट मोबाइल फोन विवेचकों के लिए केवल एक संचार माध्यम नहीं, बल्कि आधुनिक अनुसंधान का प्रभावी उपकरण सिद्ध होंगे। इनके माध्यम से घटनास्थल का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने, ई–साक्ष्य अपलोड करने, वरिष्ठ अधिकारियों से त्वरित समन्वय स्थापित करने तथा अनुसंधान संबंधी कार्यों के समयबद्ध निष्पादन में उल्लेखनीय सुविधा मिलेगी। इससे अपराध विवेचना की गुणवत्ता में वृद्धि होगी तथा न्यायिक प्रक्रिया और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनेगी। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण में नवीन आपराधिक कानूनों के प्रावधानों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही महिला एवं बाल अपराधों पर संवेदनशील एवं त्वरित कार्रवाई, सुदृढ़ बीट व्यवस्था के माध्यम से जनसंपर्क को मजबूत करना तथा यातायात व्यवस्था में सुधार को प्राथमिकता देते हुए प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित की जाए।

## स्कूल, कॉलेज, बाजार, पार्क और सार्वजनिक स्थानों पर रहेगी विशेष निगरानी

# महिलाओं की सुरक्षा को मिली नई मजबूती, जिले में 14 पिंक पेट्रोलिंग यूनिट सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस ने जिले में पिंक पेट्रोलिंग अभियान की शुरुआत की। गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम, सेक्टर-6 भिलाई से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर 14 विशेष पिंक पेट्रोलिंग टीमों को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के लिए रवाना किया। इन टीमों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, छात्राओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराना तथा सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा का माहौल सुनिश्चित करना है।

जिले के 13 थाना क्षेत्रों और एक रक्षा टीम सहित कुल 14 पिंक पेट्रोलिंग टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में चार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जबकि टीम का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर करेंगे। ये टीमें पूरे जिले में लगातार गश्त करते हुए संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखेंगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिंक पेट्रोलिंग के तहत स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों में प्रवेश और छुट्टी के समय नियमित गश्त की जाएगी ताकि छात्राओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके। इसके अलावा बाजार, मॉल, पार्क, गार्डन, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी लगातार पुलिस की मौजूदगी रहेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मणिशंकर चंद्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक हर्षित मेहर, नगर पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक लाइन, उप पुलिस अधीक्षक आईजीडब्ल्यू भारती मरकाम, आकर्षि कश्यप सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### बाक्स में शिकायत पर तत्काल पहुंचेगी टीम

अभियान के तहत डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1091 और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त शिकायतों पर पिंक पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुंचेगी और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करेगी। पुलिस का कहना है कि महिलाओं से जुड़े मामलों में त्वरित प्रतिक्रिया इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता होगी। पिंक पेट्रोलिंग टीमों को असामाजिक तत्वों, मनचलों और संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी स्थान पर महिलाओं से छेड़छाड़, उत्पीड़न या अन्य आपराधिक गतिविधि की सूचना मिलती है तो संबंधित टीम तुरंत कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही टीमों द्वारा महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में लोगों को जागरूक भी किया जाएगा।

### इन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी

पिंक पेट्रोलिंग अभियान के प्रभावी संचालन, समन्वय और मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी उप पुलिस अधीक्षक भारती मरकाम और उप पुलिस अधीक्षक आकर्षि कश्यप को सौंपी गई है। दोनों अधिकारी अभियान की नियमित समीक्षा करते हुए टीमों की गतिविधियों पर निगरानी रखेंगी। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और छात्राओं से अपील की है कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1091 या निकटतम पुलिस थाने को सूचना दें।

## खबर संक्षेप



### नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शवों को सुरक्षित रखने आया डीप फ्रीजर

**गुरूर।** विकास खण्ड गुरूर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को वर्तमान में मृत शरीर को सुरक्षित रखने हेतु शासन द्वारा डी फ्रिजर की सौगात मिली है। खंड चिकित्सा अधिकारी गुरूर ने बताया कि पूर्व में नहीं होने से बहुत असुविधा हो रही थी चूंकि मृत शरीर को बाहर लम्बे समय रखे जाने से शरीर में बदबू व खराब होने की संभावना होती है, फ्रिजर होने से शरीर को सड़ने से रोकना कम तापमान में शरीर का खराब होने की गति का धीमा होना। पोस्टमार्टम व जांच – अस्पताल व पुलिस द्वारा फॉरेंसिक जांच हेतु सुरक्षित रखना किसी प्रकार के दुर्गंध को रोकना, शव के अंतिम संस्कार में हो रही देरी के दौरान शव को सुरक्षित रखना एवं अन्य सुविधाएं मिलेगी।

### खोला बासिन में बनेगा सामुदायिक भवन, जिपं सभापति ने किया भूमि पूजन



**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत खोला बासिन में 10 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने किया। कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने उपस्थित ग्रामीण समाज के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि इस भवन का सभी लोगों के काम के लिए मिल–जुलकर उपयोग करें। यह भवन समाज के कार्यक्रम, बैठक, शादी–विवाह और अन्य आयोजनों के लिए बहुत काम आएगा। इससे पूरे गांव के लोगों को भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार गांवों में जरूरी सुविधाएं बढ़ाने और विकास के लिए लगातार काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने ग्राम खोला, बासिन में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। भूमि पूजन में कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, के साथ पुष्पलता जांगड़े सरपंच खोला, बासिन, लक्ष्मण कोठारी उपसरपंच, राजकुमार सेन सचिव, कंप्यूटर ऑपरेटर उर्वसी कोशरे, रोजगार सहायक चंद्रशेखर कोशरे, देवेश्वरी, सौहाद्र, खेलन, हेमिन, कामेश, ललित, अंजोर, मनीष, चंद्रमणि, टीकाराम, टीकेश्वरी, तारणि, अश्वनी, नाथु, रवि ठाकुर, छबील, जय नौरंगे, नोहर नौरंगे, लोकेश्वरी, केशरी, जयप्रकाश, रवि, शीतल सहित समस्त ग्रामवासी साक्षी बने।

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

**भिलाई।** चन्दूलाल चंद्राकर अस्पताल कचांदूर और जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती नौकरी लगाने के नाम पर बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने श्री शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी अटेण्डर विज्जू चंद्रा पिता भुबन चन्द्रा के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## पर्व : बारिश के बीच बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

# नगर में पुरी की तर्ज पर निकाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लौह नगरी दल्ली राजहरा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा पुरी की परंपरा की तर्ज पर श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। लगातार हो रही बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था के आगे फीकी पड़ गई। हजारों श्रद्धालु पूरे मार्ग में जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ रथ को खींचते रहे।

सुबह से शुरू हुई बारिश के कारण कुछ समय के लिए आयोजन प्रभावित जरूर हुआ, लेकिन जैसे ही रथ यात्रा प्रारंभ हुई, श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। यात्रा के अंतिम चरण में तेज बारिश शुरू होने के बावजूद भक्त पूरे समर्पण के साथ रथ को गुंडिचा मंडप तक खींचते रहे। इस अद्भुत दृश्य ने श्रद्धा, विश्वास और भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

रथ यात्रा से पूर्व मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद उत्कल समिति ने अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया। लौह अयस्क खान समूह के मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहरवार, जयप्रकाश एवं विपिन कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने परंपरागत छेरा पहुरा की रस्म निभाई, जिसे श्रद्धालुओं ने विशेष आस्था के साथ देखा।

पारंपरिक वाद्ययंत्रों और जय जगन्नाथ के उद्घोष के बीच पहले देवी सुभद्रा, फिर बलभद्र और अंत में भगवान जगन्नाथ को मंदिर से रथ तक लाकर विधिवत विराजमान कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू एवं







अनुविभागीय अधिकारी सुरेश साहू ने पूजा-अर्चना कर नगर, प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

रथ यात्रा से पहले आयोजित महाप्रसाद में पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। दल्ली राजहरा सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बिना किसी भेदभाव के एक साथ कतारबद्ध होकर महाप्रभु का महाप्रसाद ग्रहण किया। समिति ने महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग सुव्यवस्थित व्यवस्था की थी। महाप्रसाद के बाद निकली रथ यात्रा में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। विभिन्न समाजसेवियों द्वारा शरबत एवं फ्रूटी का वितरण किया गया। बस्तरिया राउत नाचा की मनमोहक प्रस्तुति, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज और भक्ति गीतों पर झूमते श्रद्धालुओं ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रथ यात्रा जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुंडिचा मंडप पहुंची, जहां भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा को विधि-विधान के साथ विराजमान कराया गया। आगामी नौ दिनों तक श्रद्धालु गुंडिचा मंडप में भगवान के दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगे। मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहरवार ने नगरवासियों को रथ यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं माइंस परिवार की उन्नति की कामना की। वहीं जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष मोनू चौधरी ने नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, समिति के सदस्यों और पुलिस प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से रथ यात्रा ऐतिहासिक, भव्य और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। रथ यात्रा के सफल आयोजन में उत्कल समिति, जगन्नाथ सेवा समिति, विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों तथा पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ।

### नगर में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**डौंडीलोहारा।** नगर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की सुसज्जित प्रतिमाओं के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। पूरे नगर में जय जगन्नाथ के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रथयात्रा का शुभारंभ राम मंदिर से हुआ। इसके बाद शोभायात्रा नए बस स्टैंड, संजय नगर, विवेकानंद चौक, मस्जिद चौक, प्रखंड चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः राम मंदिर पहुंची, जहां महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का समापन हुआ। रथयात्रा के दौरान रिमझिम बारिश भी होती रही। धार्मिक मान्यता के अनुसार रथयात्रा के दिन वर्षा होना शुभ संकेत माना जाता है। श्रद्धालुओं ने इसे भगवान जगन्नाथ की विशेष कृपा का प्रतीक मानते हुए पूरे उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया। हल्की फुहारों ने मौसम को और भी सुहावना एवं आनंदमय बना दिया, जिससे भक्तों का उत्साह दोगुना हो गया। यात्रा में शामिल श्रद्धालु तासे एवं डीजे की धुन पर नाचते-गाते भगवान का गुणगान करते हुए आगे बढ़ते रहे। नगर के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी, पुष्पवर्षा की और रथ का स्वागत कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। रथ की रस्सी खींचने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चे, युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में रथयात्रा में शामिल हुए। श्रद्धा, आस्था और धार्मिक उल्लास से सराबोर यह भव्य आयोजन नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा तथा पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। आयोजन में हनुमंत भक्त सेवा समिति का विशेष योगदान रहा।

### सामाजिक भवन को मिली 4 लाख की सौगात, शौचालय निर्माण की समस्या का हुआ समाधान

# कुसुमकसा साहू समाज ने किया संजय बैस और संतोष जैन का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

परिक्षेत्र साहू समाज कुसुमकसा द्वारा समाज हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस और ग्राम पंचायत के सक्रिय जनप्रतिनिधि संतोष जैन का सम्मान समारोह साहू समाज भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला पहनाकर उनका आत्मीय सम्मान किया। कार्यकम की अध्यक्षता परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष टिकेंद्र साहू थे।

समाज के अध्यक्ष टिकेंद्र साहू ने कहा कि समाज भवन का निर्माण जनसहयोग से हुआ था, लेकिन शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में समाजजनों को वर्षों से



कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या से अवगत कराने पर संजय बैस ने तत्काल पहल करते हुए 4 लाख रुपये की स्वीकृति दिलाई, जिससे समाज भवन में शौचालय निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह सहयोग समाज के लिए हमेशा स्मरणीय रहेगा। ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष गौतम साहू ने कहा कि संजय बैस ने हमेशा समाज की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी है। भवन में पंखों, कुर्सियों एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि संजय बैस का जनसेवा का भाव किसी एक समाज तक सीमित नहीं, बल्कि सर्वसमाज के विकास और क्षेत्र की प्रगति के लिए निरंतर समर्पित रहा है। पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के विश्वास और स्नेह का सम्मान है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति तभी संभव है जब उसके भवनों और संस्थाओं में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जब जब समाज को मेरी जरूरत पड़ेगी मैं सदैव समाज के साथ खड़ा रहूंगा इस कार्यक्रम का संचालान गौरी शंकर साहू एवं आभार प्रदर्शन तुका राम साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर सचिव तुका राम साहू तहसील साहू समाज के मोहन साहू डॉ. सेत राम साहू, मिनी साहू संगठन सचिव केशव साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मी साहू, दशरत साहू, जीतेन्द्र साहू, तेज राम साहू, देवशरण साहू, रोहित साहू, लवन साहू उपस्थित थे।

# निको माइनिंग कंपनी ने गिधाली में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

■ सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**कुसुमकसा।** निको माइनिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ग्राम गिधाली द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र गिधाली में एक दिवसीय निः शु ल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था, जिसमें स्वास्थ्य विभाग और ग्राम पंचायत का भरपूर सहयोग मिला।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडी के खंड चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार शिविर में पहुंचे चिकित्सीय व पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में चिरायु टीम के डॉ. प्रकाश राठौर, डॉ. ज्योति चंद्राकर सहित चिखलाकसा और



सुवरबोड के स्वास्थ्य प्रभारियों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र जांच और महिला एवं बाल स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देकर आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस वृहद आयोजन को सफल बनाने में निको माइनिंग कंपनी के महाप्रबंधक ललित दरवलकर, उप महाप्रबंधक कुमार राजीव, सीएसआर ऑफिसर कुशल ठाकुर सहित कंपनी के अधिकारियों का विशेष योगदान रहा। साथ ही ग्राम पंचायत गिधाली के सरपंच कंवल सिंह कुलार्य और पंचायत सचिव दिनेश तारम ने ग्रामीणों को प्रेरित कर सक्रिय सहयोग प्रदान किया। निको माइनिंग कंपनी प्रबंधन ने बताया कि कंपनी अपने सीएसआर के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में लगातार समर्पित है और भविष्य में भी ग्रामीणों के हित में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

## गुरु केवल मार्ग दिखाते हैं, उस पर चलना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य

■ डौंडीलोहारा में जैन संत अक्षय मुनि महाराज की वाणी से बही ज्ञान की गंगा

**डौंडीलोहारा।** नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण स्थित सभागार में गुरुवार को जैन आचार्य भगवान श्रीरामलालजी मसा के सुशिष्य शासन दीपक अक्षय मुनिजी मसा ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन आज मकड़जाल की तरह उलझ गया है। इस उलझन से बाहर निकलने के लिए आत्मजागृति, विवेक और सद्गुरु के मार्गदर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान अभिशाप नहीं, बल्कि मानवता के लिए वरदान है, लेकिन उसका सदुपयोग होना चाहिए। सबसे बड़े वैज्ञानिक परमात्मा हैं, जिन्होंने मानव शरीर जैसी अद्भुत रचना की है। शरीर रूपी इस अनमोल उपहार का सदुपयोग करने के बजाय मनुष्य नशा और अन्य विकृतियों में इसे नष्ट कर रहा है। शरीर रूपी बांसुरी और हारमोनियम को सही ढंग से बजाने की कला सद्गुरु की शरण में जाकर ही सीखी जा सकती है। अक्षय मुनिजी ने कहा कि गुरु केवल मार्ग दिखाते हैं, उस पर चलना प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं पड़ता है। मनुष्य के भीतर उत्तेजना नहीं, बल्कि संवेदना का विकास होना चा हि ए । संवेदनशीलता के बिना आत्मा का साक्षात्कार संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इच्छा ही सभी पापों की जड़ है। यदि इच्छाओं पर नियंत्रण पा लिया जाए तो जीवन स्वतः धर्ममय बन जाता है। आज लोग कमीशन की दौड़ में अपना मिशन भूलते जा रहे हैं, जबकि आत्मबोध और आत्मदर्शन से ही जीवन में शांति और संतुलन आता है।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युद्ध और हिंसा विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा हैं। यदि युद्ध पर खर्च होने वाली धनराशि मानव कल्याण में लगाई जाए तो पूरी दुनिया का कायाकल्प हो सकता है। व्यक्ति जैसा कर्म रूपी बीज बोता है, समय उसे उसी का फल अवश्य देता है। इसलिए समभाव, विवेक और प्रकृति के अनुरूप जीवन जीना ही सच्चा धर्म और आध्यात्मिकता है। उन्होंने कहा कि भगवान का जिनशासन धर्ममय, जागरूक और संयमित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। यदि व्यक्ति भगवान की वाणी को आत्मसात कर सजगता के साथ जीवन जीए तो निश्चित रूप से सफलता और आत्मकल्याण की प्राप्ति होती है।

### बालोद में स्वामी युगल शरण महाराज की संगीतमय अमृत वर्षा शुरू

# प्रारब्ध और अप्रारब्ध दोनों पापों का नाश केवल भक्ति से ही संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी युगल शरण महाराज ब्रज गोपीका धाम का आगमन 16 जुलाई को कुर्मी भवन शिकारी पारा बालोद में हो चुका है।

इसके पहले दिन के प्रवचन में भक्ति की महिमा, श्री जगन्नाथ जी का स्वरूप का रहस्य एवं जीव भगवान का नित्य संबंध, पर अपने विचार प्रकट किया। उन्होंने कहा प्रारब्ध जनित पाप और अप्रारब्ध जनित पाप। दोनों क्या है, मान लीजिए किसी व्यक्ति का प्रारब्ध ऐसा था कि उनका जन्म ऐसे परिवार में हुआ, जहां शराब, मांसाहार, सामान्य बात थे। बचपन से ही उसे उसी प्रकार का संस्कार मिलेगा। यह प्रारब्ध जनित पाप कहलाता है।

दूसरी स्थिति यह है कि किसी व्यक्ति का प्रारब्ध अच्छा था उसका जन्म एक धार्मिक और संस्कारी



परिवार में हुआ, लेकिन उसने कुसंग कर लिया और पाप करने लगा, इसे अप्रारब्ध जनित पाप कहते हैं। इन दोनों प्रकार के पापों का नाश केवल भक्ति के द्वारा ही संभव है। अब प्रश्न उठता है कि हम पाप क्यों करते हैं, इसका कारण हमारा अंतः करण अशुद्ध है, जैसे वर्षा होने पर अपने आप घास उग जाती है। घास कहां से आ गई, इसका उत्तर होगा–घास का बीज पहले से ही मिट्टी में था वर्षा हुई वातावरण उसे मिल गया और वह अंकुरित हो गया।

इसी प्रकार पाप की जननी हमारा अंतः करण होता है। अब अंतरण अशुद्ध क्यों है? क्योंकि उस पर अज्ञान का आवरण पड़ा हुआ है उसकी जननी माया है। दूर करने लिए भक्ति करना आवश्यक है। पहला जो कि पापों का नाश करती है। दूसरा अंतः करण को शुद्ध करती है और तीसरा अंतःकरण को मलिन करने वाली अविद्या का नाश करती है। भक्त केवल क्लेशों का ही नाश नहीं करती भक्ति समस्त मंगलों को प्रदान करने वाली है स्वर्ग का सुख भी मिलता है। मोक्ष भी मिल सकता है। संसार का सुख भी प्राप्त हो सकता है और सबसे बड़ी बात भक्ति प्रेमानंद प्रदान करती है, क्यों निष्काम भाव से भक्ति करता है, उसका अंतरण शुद्ध हो जाता है, भक्ति प्रगाढ़ हो जाती है।

आध्यात्मिक सफलता उसे प्राप्त हो जाती है। सत्संग का समय सुबह 6 बजे से 8.0 बजे शाम 5 बजे से 8 तक निर्धारित है। इस दौरान अशोक जनूंदप, राजेंद्र साहू, डोमन भुआर्य, पुरुषोत्तम देशमुख, रतिराम साहू, अनिल शर्मा, खिलेंद्र नाथ योगी, जगदीश साहू, मनोज दास, जगदीश साहू, ओमकार मिश्रा, रजनी जनूंदन, हेमलता योगी, संगीता जनूंदप नीलिमा साहू का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बाबा दरबार से निकाली गई डांक कांवड़ यात्रा

**अंडा।** बाबा दरबार धाम धनोरा दुर्ग में सोमवार को डांक कांवड़ यात्रा निकाली गई। दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा ने बताया कि सुबह 6 बजे महावीर उद्यान में इकट्ठा होकर शिवनाथ नदी के लिए रवाना हुई, जहां पर पहुंच कर शिवनाथ नदी से जल लेकर गंज पारा कचहरी चौक महाराजा चौक से बोरसी फिर धनोरा में गोल्डन चौक से महावीर उद्यान पहुंची। दोपहर से रुद्राभिषेक पूजा पाठ पंडित द्वारा किया गया, फिर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। दोपहर 2 बजे से मानसगान मानस मंडली द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मण बाबा, नंद पंडा, विनोद कुमार साहू, राजेश चन्द्राकर, डोरेलाल, दिनेश यादव, रामु यादव, ओमकार साहू, टीकम, गुमान साहू, गुलाब साहू, भोलू, खिलेशवर साहू, सुंदर सपरे, चन्द्रकांत देवांगन, एमलाल देवांगन, कल्याण देवांगन, ललित साहू, रोशन साहू आदि मौजूद रहे।

### मानव सेवा की मिसाल बने डॉ. रोशन साहू



**डौंडीलोहारा।** ग्राम अछोली निवासी समाजसेवी डॉ. रोशन साहू ने अपने 50वें जन्मदिवस पर एक बार फिर मानव सेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए 28वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान किया। उन्होंने शुक्रवार को राजनांदगांव स्थित नांदगांव रक्त केंद्र पहुंचकर जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान किया। डॉ. साहू लंबे समय से सामाजिक सेवा और रक्तदान अभियान से जुड़े हुए हैं। उनका मानना है कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है, जिससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर मानवता के इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। ज्ञात हो कि डॉ. रोशन साहू अब तक 28 बार रक्तदान कर अनेक मरीजों के जीवन बचाने में अपना योगदान दे चुके हैं। उनके इस सेवा भाव की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।

### आश्रम स्कूल धानापुरी में शाला प्रवेशोत्सव मना



**गुरूर।** आश्रम शाला धानापुरी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों की आरती एवं तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया तथा एसएमसी का पुनर्गठन किया गया। इसमें भूपेश सलाम को अध्यक्ष व कविता सिन्हा को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुना गया। साथ ही सभी 16 सदस्यीय नवगठित समिति को सरपंच धानापुरी खोमनलाल सिन्हा द्वारा शुभकामनाएं दी। सभी पालकों से ये अपील की गई कि शाला के समग्र विकास में सभी मिलजुलकर शिक्षा गुणवत्ता व विद्यालय की उत्तरोत्तर विकास में अपनी भूमिका निभाएं। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष जागेश्वरी कोर्राम, नारायणी धुरव, रेखा धुरव, संवरी सलाम, अहिल्या यादव, होमेश्वरी यादव, मोतीराम कोवाची, सदाराम बोहरन, मोरध्वज सहित शिक्षकगण व अधीक्षक उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

---

### समीक्षा : कलेक्टर ने डौंडीलोहारा के लिए रेफरल सिस्टम पर अपनाया कड़ा रूख

# स्वास्थ्य सेवा में लापरवाही पर अधिकारी-कर्मचारियों का रुकेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डीलोहारा के सभाकक्ष में विकासखण्ड के स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकासविभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना शासन के विशेष प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए स्वास्थ्य संबंधी कार्यो् में बिल्कुल भी लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

बैठक में उन्होंने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की। मिश्रा ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के कुछ उप स्वास्थ्य केन्द्रों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति संतोषप्रद नही पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने इसके लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों का वेतन रोकने के भी निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों को कुपोषण मुक्त आंगनबाड़ी बनाने के लिए समुचित उपाय करने को कहा।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यो् में मेरा विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु वे नियमित रूप से विकासखण्ड मुख्यालयों में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यो् की समीक्षा करेंगे। बैठक में मिश्रा ने उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रवार टीकाकरण अभियान, टीबी मुक्त अभियान के अलावा संस्थागत प्रसव की स्थिति तथा कुष्ठ रोग की रोकथाम की उपाय सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे कार्यो् के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी बालिकाओं को शत प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर के बचाव हेतु टीका लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आम नागरिकों एवं मरीजों के बीपी, शुगर एवं मानसिक स्वास्थ्य, मुँह का कैंसर आदि बीमारियों का नियमित रूप से जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विभाग के बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित करने हेतु प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों की इलाज की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बिना वाजिब कारण के बिल्कुल भी अन्य अस्पतालों में रेफर नही करने के निर्देश दिए। इस कारण से स्वास्थ्य संबंधी कार्यो् में किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाईश बिल्कुल भी नही होती है।

कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने कुपोषण को व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक विकास में सबसे बड़ी बाधा बताते हुए विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को इसकी रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रीमती मिश्रा ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्रों के कुपोषण मुक्त आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने की दिशा में भी कारगर उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विकासखण्ड में जर्जर आंगनबाड़ी भवनों के संबंध में जानकारी लेते हुए इसके स्थान पर नये भवनों के निर्माण हेतु तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को रोपे गए सभी पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल की भी समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने अस्पताल परिसर में पौध रोपण भी किया।

### डौण्डीलोहारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचीं कलेक्टर

- मरीजों से लिया फीडबैक, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डीलोहारा प्रवास के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डीलोहारा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपस्थित लोगों एवं मरीजों से बातचीत कर अस्पताल के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारियों को अस्पताल में इलाज कराने हेतु आने वाले सभी मरीजों का बेहतर से बेहतर इलाज सुनिश्चित कर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने अस्पताल के पंजीयन कक्ष, ओपीडी कक्ष के अलावा दवा वितरण केन्द्र एवं एनसीडी क्लिनिक आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पंजीयन कक्ष में पहुँचकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी से पंजीयक कक्ष में किए जा रहे ऑनलाईन एवं ऑफलाईन पंजीयन कार्य के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने दवाई वितरण कक्ष में पहुँचकर अस्पताल के दवाखाने में पर्याप्त मात्र में दवाइयों के उपलब्धता एवं वितरण आदि की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने चिकित्सक कक्ष में पहुँचकर मौके पर उपस्थित चिकित्सकों से मरीजों के इलाज के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

---

## भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करें



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

- डौंडीलोहारा व रेंगाडबरी मंडलों की संयुक्त बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर जोर

रेंगाडबरी और डौंडी लोहारा मंडल की संयुक्त बैठक बुधवार को पुराने जनपद परिसर में आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा प्रभारी एवं महासमुंद के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव को लक्ष्य मानकर बूथ एवं शक्ति केंद्र स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि चंदूलाल साहू ने कहा कि भाजपा ने प्रत्येक स्तर पर नियमित संगठनात्मक बैठकों का निर्णय लिया है।

वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, जो लगातार बैठकें एवं संपर्क अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करेगा तो आगामी चुनाव में विजय निश्चित होगी। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने और आमजन को उनका लाभ बताने पर भी उन्होंने जोर दिया।उन्होंने बूथ अध्यक्षों एवं शक्ति केंद्र प्रभारियों से संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि आने वाले समय में शक्ति केंद्र स्तर तक बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारी करें ताकि संगठनात्मक कार्यों में किसी प्रकार की कमी न रहे। बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख तथा मंडल प्रभारी टिनेश्वर बघेल एवं देवेंद्र जायसवाल ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने-अपने मंडलों की संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। बैठक में प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला महामंत्री सौरभ लुनिया, जिला कोषाध्यक्ष हरिश कटझरे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा एवं उत्तरा घनेंद्र सहित जिला, मंडल एवं मोर्चा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टटेंगा स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



- विद्यार्थियों ने ली नेतृत्व व सेवा की शपथ

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से बाल कैबिनेट का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रा देबनाथ ने नवगठित बाल कैबिनेट के पदाधिकारियों को पद एवं दायित्वों की शपथ दिलाई। बाल कैबिनेट में कक्षा 12वीं की दामिनी साहू को शाला नायक, कक्षा 11वीं की छबि साहू को उपशाला नायक, रीवा को सचिव तथा वीर यादव को सहसचिव नियुक्त किया गया। वहीं छात्रा प्रतिनिधि सुषमा सुधाकर, सांस्कृतिक प्रमुख हेमलता, सह प्रमुख तारिणी, क्रीड़ा प्रमुख पल्लवी, सह प्रमुख पायल, अनुशासन प्रमुख प्रताप कुमार, सह प्रमुख डेविड एवं लीना, स्काउट लीडर झमिता तथा रेडक्रास कैप्टन के रूप में इन्द्रजीत को दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य टी.एल. देवांगन ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में जिम्मेदारी एवं नैतिक मूल्यों का पालन ही सफलता की पहली सीढ़ी है। संचालन करते हुए व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि बाल कैबिनेट विद्यार्थियों में नेतृत्व, निर्णय क्षमता एवं टीम भावना का विकास करने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता रेशमी साहू, हेपशीबा एंथोनी एवं रीना बोरकर के सहयोग से विभिन्न कक्षाओं के नायक एवं उपनायक का भी चयन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, नीलिमा रजक सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जलाशयों से पानी छोड़ने और खाद की कालाबाजारी रोकने की मांग



**बालोद।** भारतीय किसान संघ जिला बालोद का मासिक बैठक गंगा मैया प्रांगण झलमला में हुआ। जिसमें किसानों के विभिन्न समस्याओ पर कलेक्टर के नाम से अपर कलेक्टर चन्द्रकान्त कौशिक को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि किसानों कि समस्या समस्या को देखते हुए जलाशयो से पानी छोड़ा जाए, गन्ना बिज प्रदाय किसानों को बीज की राशि तत्काल दिया जाए। खाद कि कालाबाजारी आज भी जारी है उसे तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ना उत्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार 3 बोरी यूरिया, 6 बोरी सुपर फास्फेट, 2 बोरी डीएपी, 1 बोरी पोटाश खाद प्रति एकड़ सेवा सहकारी समिति के माध्यम से प्रादन किया जाए मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने भारतीय किसान संघ जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष टीकेन्द चंद्राकर, जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू, भोथीपार उपाध्यक्ष देवी लाल डडसेना, मंत्री चाणक्य यादव एवं अन्य किसानों कि उपस्थिति रही।

## जिले के गांवों में ग्रे-वॉटर का वैज्ञानिक प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद




- गलियों की गंदगी से मिली मुक्ति, सुधर रहा भू-जल स्तर

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत बालोद जिले के विभिन्न ग्रामों में घरेलू उपयोग के बाद निकलने वाले ग्रे-वॉटर रसोई, स्नानघर एवं कपड़े धोने का पानी का वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए प्रभावी पहल की जा रही है।

पूर्व में घरों से निकलने वाला ग्रे-वॉटर सड़कों एवं गलियों में बहने से जलभराव, गंदगी, दुर्गंध तथा मच्छरों के पनपने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती थीं। अब निर्मित सोकपिट एवं मैजिक पिट के माध्यम से यह पानी भूमि में सुरक्षित रूप से समाहित हो रहा है, जिससे जलभराव की समस्या कम हुई है तथा गांव का वातावरण अधिक स्वच्छ एवं स्वस्थ बन रहा है। इसके तहत पेयजल स्त्रेतों के समीप सोकपिट, मैजिक पिट एवं अन्य ग्रे-वॉटर प्रबंधन संरचनाओं का निर्माण कराया गया है। इन संरचनाओं के माध्यम से अपशिष्ट जल का सुरक्षित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे गांवों में स्वच्छता को बढ़ावा मिलने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। इन संरचनाओं से भू-जल स्तर के पुनर्भरण को भी बढ़ावा मिल रहा है। वर्षा जल एवं ग्रे-वॉटर के भूमि में समाहित होने से जल स्त्रेतों के संरक्षण में सहायता मिल रही है, जो भविष्य में जल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रे-वॉटर प्रबंधन से जल प्रदूषण में कमी आने के साथ खुले में गंदा पानी बहने की समस्या समाप्त हो रही है। इससे संक्रामक बीमारियों के प्रसार का खतरा कम हुआ है तथा ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण प्राप्त हो रहा है। कई स्थानों पर उपचारित जल का उपयोग पौधारोपण एवं हरित क्षेत्र के संरक्षण में भी किया जा रहा है, जिससे जल का पुनः उपयोग संभव हो रहा है।

जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे निर्मित सोकपिट, मैजिक पिट एवं ग्रे-वॉटर संरचनाओं का नियमित उपयोग एवं रखरखाव करें तथा किसी भी प्रकार का ठोस कचरा इनमें न डालें। जनसहभागिता से ही ग्रे-वॉटर प्रबंधन की यह पहल सफल होगी और स्वच्छ, स्वस्थ एवं जल-सुरक्षित गांवों के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकेगा।

### अनियमितताओं से आक्रोशित किसानों ने खोला मोर्चा

## धान खरीदी में गड़बड़ी के खिलाफ निकुम में 20 को किसानों का धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



दुर्ग जिले के सेवा सहकारी समिति निकुम में धान खरीदी को लेकर लगातार 3 वर्षों से चल रही अनियमितताओं से आक्रोशित किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। किसानों ने 20 जुलाई को समिति परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की घोषणा की है।

समस्त कृषकों ने गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग को पत्र लिखकर इसकी सूचना दी। पत्र में आरोप लगाया गया कि समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष एवं कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में धान खरीदी के दौरान किसानों के साथ लगातार धोखाधड़ी की जा रही है। किसानों का कहना है कि तौल में कमी, भूसा के नाम पर कटौती और धान घोटाले जैसी शिकायतें लगातार मिल रही हैं। किसानों ने पत्र में यह भी लिखा कि वर्तमान वर्ष में धान की कमी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज की गई थी, लेकिन क्षेत्रीय विधायक ललित चन्द्रकार के हस्तक्षेप के कारण प्राधिकृत अध्यक्ष भैया लाल के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पा रही है। इससे किसानों में आक्रोश है। पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख का कहना है कि अध्यक्ष के मनमानी रवैये के कारण उन्हें मजबूरन धरना प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। धरना 20 जुलाई को सेवा सहकारी समिति निकुम में किया जाएगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि धरना स्थल पर कोई वरिष्ठ अधिकारी आकर उनका ज्ञापन प्राप्त करे।

पत्र की प्रतिलिपि जिला सहकारी मर्यादित बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, थाना प्रभारी अण्डा और शाखा प्रबंधक जि.स.के. बैंक अण्डा को भी भेजी गई है। ज्ञापन सौंपने महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, नंदकुमार साहू, राजकुमार साहू, उत्तम धनकर पिताम्बर यादव, रोमनाथ निर्मलकर पहुंचे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411